मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-140
11/02/2023

# मुख्यमंत्री ने 'समाधान यात्रा' के क्रम में भागलपुर जिले की समीक्षात्मक बैठक की

पटना, 11 फरवरी 2023 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने समाधान यात्रा के क्रम में भागलपुर जिले में विभिन्न विभागों द्वारा चलाए जा रहे विकास योजनाओं की प्रगति के संबंध में समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में जिलास्तरीय समीक्षात्मक बैठक की। इस समीक्षात्मक बैठक में भागलपुर जिले के सांसदगण, विधान पार्षदगण एवं विधायकगण तथा विभिन्न विभागों के अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव शामिल हुए।

बैठक में भागलपुर के जिलाधिकारी श्री सुब्रत कुमार सेन ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से जिले में चल रही विभिन्न विकास योजनाओं के संबंध में मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने अपने प्रस्तुतीकरण में हर घर नल का जल, हर घर तक पक्की गली–नालियां, बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना/कुशल युवा कार्यक्रम, सात निश्चय–1 के तहत जिले में निर्माण किए जाने वाले भवनों की स्थिति, पॉलिटेक्निक संस्थानों में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना एवं औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना के संबंध में जानकारी दी। साथ ही मत्स्य संसाधन का विकास, मुख्यमंत्री उद्यमी योजना, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के शैक्षणिक उत्थान के लिए आवासीय विद्यालय, मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति छात्रावास अनुदान योजना, महादलित सामुदायिक भवन सह वर्क शेड योजना, जीविका समूह का गठन, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, उच्चतर शिक्षा हेतु महिलाओं को प्रोत्साहन, अल्पसंख्यक छात्रावास योजना, मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक छात्रावास अनुदान योजना, अल्पसंख्यक मुस्लिम परित्यक्ता/तलाकशुदा महिला सहायता योजना, मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक रोजगार ऋण योजना, मुख्यमंत्री पिछड़ा वर्ग एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग छात्रावास योजना, अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण छात्रावास योजना (पिछड़ा एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग के लिए), जननायक कर्पूरी ठाकुर छात्रावास योजना (अति पिछड़ा वर्ग हेतु) एवं हर खेत तक सिंचाई का पानी सहित अन्य योजनाओं के संबंध में भी मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी गयी।

जिला स्तरीय समीक्षात्मक बैठक में शामिल जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री के समक्ष अपने–अपने क्षेत्र की समस्याएं रखीं। जनप्रतिनिधियों की समस्याओं के यथाशीघ्र समाधान हेतु मुख्यमंत्री ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया।

बैठक में मुख्यमंत्री ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि हर घर नल का जल योजना का लाभ नई बसावटों एवं नवनिर्मित मकानों के निवासियों तक पहुंचायें। यदि कोई घर छूट गया हो तो उसे भी चिन्हित कर नल–जल की सुविधा लोगों को उपलब्ध करायें। हमलोगों ने स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं का नामकरण जीविका किया, जो जीविका दीदी के नाम से जानी जाती हैं। बिहार में जब हमें काम करने का मौका मिला उस समय यहां स्वयं सहायता समूहों की संख्या काफी कम थी। इसे बढ़ाने का निर्णय लिया गया और अब बिहार में 10 लाख से अधिक स्वयं सहायता समूहों का गठन हो चुका है।

मुख्मयंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना के लाभार्थियों को ससमय आर्थिक सहायता उपलब्ध करायें, इसमें विलंब न करें। 2 वर्ष में बच्चियों का संपूर्ण टीकाकरण हो सके इस पर विशेष ध्यान दें। उच्चतर शिक्षा हेतु इंटरमीडिएट और ग्रेजुएशन उतीर्ण करने वाली छात्राओं को दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि के भुगतान में देर न करें। हमलोग चाहते हैं कि अधिक से अधिक लड़कियां शिक्षित हों। इंटरमीडिएट उतीर्ण करने वाली अविवाहित छात्राओं एवं ग्रेजुएशन पास करने वाली विवाहित एवं अविवाहित छात्राओं को सरकार की तरफ से उच्चतर शिक्षा हेतु प्रोत्साहन राशि दी जाती है, इस पर विशेष ध्यान दें। इसके भुगतान में विलंब होने को लेकर जनता के दरबार में मुख्यमंत्री कार्यक्रम में भी शिकायतें मिलती हैं। इससे कोई वंचित न रहे, इसका ससमय भुगतान करें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नई तकनीक का इस्तेमाल आप जरूर करें लेकिन जो ओरिजनल चीजें हैं उसका भी उपयोग करें। हमने अस्पतालों एवं सरकारी कार्यालयों में लैंडलाइन टेलीफोन सेट लगावाया है ताकि ड्यूटी पर तैनात लोगों की उपस्थिति के बारे में सही जानकारी मिल सके। चिकित्सा से कोई वंचित न रहे इसके लिये टेलीमेडिसीन की सुविधा उपलब्ध करायी गयी गई है। आज कल ट्विटर के माध्यम से अधिकारी स्तर के लोग भी अपने आपसी विवाद को साझा करते हैं, यह गलत है। इसके लिये संविधान के तहत जो प्रावधान किये गये हैं उसी के अनुरूप अपनी बातें रखनी चाहिये। आपसी विवाद को मिल बैठकर सुलझाना चाहिये या अपने वरीय अधिकारियों के पास अपनी बातें रखनी चाहिये। ऐसे मामले में ट्वीट करने का कोई मतलब नहीं है। भागलपुर में इंजीनियरिंग कॉलेज काफी पहले बना हुआ है। उसका हमने स्थल निरीक्षण भी किया है और एरियली भी देख चुके हैं। गंगा नदी के किनारे प्रोटेक्शन बहुत जरूरी है। गंगा नदी के जलस्तर में वृद्धि होने पर जो इलाके बाढ़ या जलजमाव से प्रभावित होते हैं, वहां के लोग सुरक्षित रहें इसको ध्यान में रखते हुए कार्य सुनिश्चित करायें।

भागलपुर के जिलाधिकारी श्री सुब्रत कुमार सेन ने मुख्यमंत्री को स्मृति चिन्ह भेंटकर उनका अभिनंदन किया।

समीक्षा बैठक में जल संसाधन सह सूचना एवं जन—संपर्क मंत्री श्री संजय कुमार झा, भवन निर्माण मंत्री श्री अशोक चौधरी, कृषि मंत्री सह भागलपुर जिले के प्रभारी मंत्री श्री कुमार सर्वजीत, सांसदगण, विधान पार्षदगण, विधायकगण, मुख्य सचिव श्री आमिर सुबहानी, पुलिस महानिदेशक श्री आर0एस0 भट्टी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ० एस० सिद्धार्थ, विभिन्न विभागों के अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, आयुक्त भागलपुर प्रमंडल श्री दयानिधान पाण्डेय, पुलिस उप महानिरीक्षक भागलपुर प्रक्षेत्र श्री विवेकानंद, जिलाधिकारी भागलपुर श्री सुब्रत कुमार सेन, वरीय पुलिस अधीक्षक भागलपुर श्री आनंद कुमार सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

समीक्षा बैठक के पश्चात् पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की प्रगति और आगे क्या करने की जरुरत है, उसे देखने के लिए हमलोग समाधान यात्रा पर निकले हैं। यात्रा के दौरान लोगों से मिलकर मुझे काफी खुशी होती है। भागलपुर से हमारा रिश्ता काफी पुराना है। जे0पी0 आंदोलन के समय जेल में हम यहीं बंद थे। यहां हमलोग बराबर आते रहे हैं। सभी जगहों पर जाकर देखते रहे हैं। आज भी हमने कुछ जगहों पर जाकर योजनाओं का निरीक्षण किया है। समीक्षा बैठक में सभी चीजों को लेकर पूरी चर्चा हुई है। अगर कही पर कोई दिक्कत है तो उसको लेकर भी चर्चा हुई है। वर्षापात के समय गंगा नदी के किनारे के इलाकों में लोगों को परेशानी होती है। बाढ़ के समय हमलोग हर साल जायजा लेने आते हैं। हमने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि

गंगा नदी के दोनों तरफ तेजी से काम पूरा करें। इसको लेकर हमलोग लगातार कोशिश कर रहे हैं।

भागलपुर में एयरपोर्ट के निर्माण की मांग के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि लोगों की यह डिमांड है लेकिन केंद्र सरकार इसे मानेगी तभी एयरपोर्ट का निर्माण कराना संभव होगा। हमलोगों ने पहले से ही इस मामले को लेकर केन्द्र के समक्ष रखा है। पहले जहां एयरपोर्ट के निर्माण को लेकर केंद्र सरकार ने सहमति दी हुई है, वहां भी निर्माण नहीं हो रहा है। कुछ समय पहले यह बात सामने आई थी कि कुछ जगहों पर प्राइवेट कंपनी छोटे प्लेन का संचालन करेगी। ऐसा होने से भी लोगों को आने–जाने में सहूलियत होती लेकिन इस पर भी कोई काम आगे नहीं हुआ। भागलपुर ऐसी जगह है जहां बड़ा एयरपोर्ट बनना चाहिए लेकिन यह काम हमलोगों के हाथ में नहीं है। बिहार में पहले से तय स्थल पर एयरपोर्ट का निर्माण होने के बाद ही वे लोग दूसरी जगह पर इसकी सहमति देंगे।

स्वस्थ होकर राजद सुप्रीमो श्री लालू प्रसाद यादव के भारत लौटने के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि मैंने बात की है, अभी वे दिल्ली में रहेंगे।

पूर्व मुख्यमंत्री श्री जीतन राम मांझी और श्री प्रशांत किशोर की यात्रा के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह मेरी सरकारी यात्रा है। अगर कोई व्यक्तिगत रुप से कुछ करता है तो वो उसकी मर्जी है। सभी पार्टी के लोगों को घूमने का अधिकार है।

******